‘जन आशीर्वाद यात्रा’

चर्चा में क्यों?

16 अगस्त, 2021 को मोदी सरकार में उत्तर प्रदेश के सात नए मंत्रियों ने लोगों का आशीर्वाद लेने के लिये ‘**जन आशीर्वाद यात्रा**’ शुरू की।

प्रमुख बिंदु

- सोमवार से शुरू हुई यह यात्रा 20 अगस्त तक चलेगी और उत्तर प्रदेश के तीन दर्जन लोकसभा तथा 120 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों से गुज़रते हुए 3,500 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगी।
- लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे से तीन अलग-अलग रथों पर सवार केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री कौशल किशोर और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी लोगों का आशीर्वाद लेने पहुँचे।
- केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने **मथुरा के वृंदावन** से जन आशीर्वाद यात्रा की शुरुआत की और 19 अगस्त को **बदायूँ में** यात्रा समाप्त करेंगे।
- केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने यात्रा की शुरुआत बस्ती से की।
- केंद्रीय आवास राज्य मंत्री कौशल किशोर मोहन ने उन्नाव से यात्रा निकाली और 18 अगस्त को सीतापुर में यात्रा का समापन करेंगे।
- उत्तर प्रदेश के इकलौते ब्राह्मण चेहरे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने हरदोई के संडीला कस्बे में यात्रा निकाली और 19 अगस्त को अंबेडकर नगर में समाप्त करेंगे।
- केंद्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा 17 अगस्त को ललितपुर से यात्रा शुरू करेंगे और 19 अगस्त को फतेहपुर में यात्रा समाप्त करेंगे।
- केंद्रीय कानून और न्याय राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल 18 अगस्त को फिरोज़ाबाद से यात्रा शुरू करेंगे और मथुरा में समाप्त करेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jan-ashirwad-yatra